विश्वविद्यालय ने लॉजिस्टिक सेक्टर स्किल काउंसिल से किया एमओयू

दिनांक 15 फरवरी 2024 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय ने लॉजिस्टिक सेक्टर स्किल काउंसिल से एमओयू करार किया। समझौता पत्र में लॉजिस्टिक सेक्टर स्किल काउंसिल से प्रो. एस. गणेशन एवम प्रो. गायत्री. एच. और महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव, अधिष्ठाता प्रशासनिक प्रो. राजेंद्र भारती, अधिष्ठाता प्रो. सुनील कुमार सिंह, अधिष्ठाता कृषि डॉ. विमल कुमार दूबे, परीक्षा नियंत्रक अमित सिंह जी की उपस्थिति में करार पर हस्ताक्षर हुआ। स्किल इंडिया मिशन के तहत महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर ने बी. बी. ए. (आनर्स) लाजिस्टिक अप्रेटिस्टशिप एंबेडेड प्रोग्राम 2024 - 25 सत्र से शुरू करने के लिए समझौता हुआ। बी बी ए लाजिस्टिक पाठ्यक्रम के बारे में लाजिस्टिक स्किल से आए विशेषज्ञ ने कहा की महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय पूर्वांचल का पहला विश्वविद्यालय होगा जहाँ राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत यू.जी. सी. के मानकों पर आधारित स्किल्ड बेस्ड पाठ्यक्रम शुरू करने जा रहा है। भारत सरकार के स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत युवाओं को स्किल बनाने के लिए बी बी ए लाजिस्टिक पाठ्यक्रम से युवाओं को रोजगार के अनंत मार्ग प्रशस्त होंगे। बी.बी.ए. लाजिस्टिक पाठ्यक्रम की विशेषताए बताते हुए प्रो. एस. गणेशन ने बताया कि हर्ष का विषय है की लाजिस्टिक सेक्टर स्किल, महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए रोजगार गारंटी योजना के लिए अनुबंध कर रहा है। जिससे युवाओं को पढ़ाई के दौरान स्किल्ड ट्रेनिंग के साथ शत प्रतिशत रोजगार के प्रति संकल्पित किया जायेगा। युवाओं को पढ़ाई के दौरान सीखते हुए कमाए यानी (अर्निंग बाई लर्निंग) जिससे युवाओं का रोजगार के प्रति आशान्वित रहकर जीवन यापन का मार्ग प्रशस्त होगा।

महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव ने लाजिस्टिक सेक्टर स्किल के साथ हुए समझौता पत्र पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय कृत संकल्पित है। शिक्षा के साथ उन्हे रोजगार के प्रति उन्मुख करने के लिए लाजिस्टिक सेक्टर स्किल से आज समझौता करार किया गया है। हमे पूर्ण विश्वास है स्किल्ड बेस्ड पाठ्यक्रम से युवाओं में आत्मविश्वास का संचार होगा। जिससे शिक्षा के साथ स्वयं को रोजगार के लिए तैयार कर कैरियर में शत प्रतिशत संभावना को तलाशने में सहायता मिलेगी।

GGIMS/AYU/BR/UT/07

GGIMS/AYU/BR/UT/07

LSC
CEREMONY
&